
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 48 बाल एवं किशोर श्रमिकों को जोड़ा गया मुख्यधारा से

**बैठक**

## स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नजदीकी विद्यालयों में शिक्षा हेतु प्रवेश दिलवाया

**संवाददाता**



श्रम उन्मूलन हेतु गठित टास्कफोर्स समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी।

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर के कुशल मार्गदर्शन एवं त्वरित दिशा–निर्देशों के चलते जनपद में श्रम विभाग, प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस–प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास विभाग, जिला बाल कल्याण समिति इत्यादि के सदस्यों वाली जिला टास्कफोर्स समिति की मेहनत रंगलायी और जनपद में 48 बाल एवं किशोर श्रमिकों को चिन्हित करने के उपरान्त उनका स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नजदीकी विद्यालयों में शिक्षा हेतु प्रवेश दिलवाया गया। उनको नजदीकी विद्यालयों में शिक्षा के साथ–साथ मिड–डे–मिल भी उपलब्ध करवाकर मुख्यधारा में शामिल किया गया। जिलाधिकारी ने इस पर संतोष व्यक्त करते हुए इसी प्रकार आगे भी जहां बाल एवं किशोर श्रमिक पाये जाते हैं उनका भी चिन्हिकरण करते हुए उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने तथा बालश्रम करवाने वालों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के जनपदीय टास्क फोर्स को निर्देश दिये।

कैम्प कार्यालय में बाल श्रम उन्मूलन हेतु गठित टास्कफोर्स समिति की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को बाल श्रमिक से सम्बन्धित प्रकरणों को नियमानुसार सही तरह से डील करते हुए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिये।

चाइल्ड लाईन की शिकायत पर सेलाकुई स्थित कारखाने का बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के अन्तर्गत निरीक्षण करने पर आधार कार्ड में कईयों की एक जैसी जन्मतिथि और व्यस्क श्रमिक दर्शाने को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए समिति को निर्देश दिये कि जिन बच्चों के बाल श्रमिक होने का सन्देह है उनका स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से मेडिकल बोर्ड से उम्र का सत्यापन करवायें साथ ही यदि बच्चों की उम्र नाबालिग पायी जाती है तो सम्बन्धित कम्पनी/फर्म के साथ ही आधार कार्ड बनाने वाले केन्द्र पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने 14 वर्ष वर्ष से उपर के आयु वग्र के बच्चों को नजदीकी ट्रेनिंग सेन्टर्स पर वोकेशनल प्रशिक्षण दिलवाने हेतु तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 में अब–तक चिन्हित 12 बाल एवं किशोर श्रमिकों के कल्याण के लिए जरूरी धनराशि हेतु सहायक श्रम आयुक्त को अपने विभागीय व शासन स्तर पर इस सम्बन्ध में धनराशि प्राप्त करने जरूरी पहल करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिये कि बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हिकरण हेतु औचक निरीक्षण के दौरान बन्धुआ मजदूरी के एंगल से भी देखें तथा यदि बन्धुआ मजदूरी और बाल ट्रैफिकिंग (तस्करी) से सम्बन्धित कोई प्रकरण बनता है तो इस दशा में सम्बन्धित नियोक्ता और व्यक्ति पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें।

## न्यूज डायरी

### देहरादून में बिहारी महासभा ने मकर संक्रांति का पर्व मनाया

देहरादून **संवाददाता**। शिव बाल योगी आश्रम में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बिहारी महासभा ने संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति खिचड़ी का पर्व मनाया बिहारी महासभा के सैकड़ों सदस्यों ने सुबह नहा धोकर शिव बाल योगी के परिसर में इकट्ठे हुए उसके बाद खिचड़ी एवं चूड़ा दही का कार्यक्रम किया सभा के लोगों ने तिल और तिलकुट भी स्थानीय साईं मंदिर में जाकर दान दिया एवं मकर संक्रांति का पर्व मनाया इस दिन का लोग बड़ी बेसब्री से इंतजार करते हैं यह दिन भले ही साल में एक बार आता है लेकिन सभी के लिए खुशियों का दरवाजा जरूर खोल देता है या यूं कहें कि यह दिन सभी लोगों को एक ऐसा मौका देता है जब आप काले तिल या सफेद तिल को दान करने से अपने जीवन में खुशियों का आगमन कराने के लिए दरवाजा खोलते हैं। हिंदू धर्म में इस दिन को लेकर अलग–अलग तरह की मान्यताएं हैं लेकिन इस पर्व पर तिलों को बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है।

### बागनाथ नगरी में सांस्कृतिक उत्साह के साथ उत्तरायणी मेले का शानदर आगाज

**संवाददाता** बागेश्वर। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उत्साह के साथ उत्तरायणी मेले का आगाज हो गया है। स्कूली बच्चों की सुंदर झांकी ने लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। झांकियों में शामिल कुमाऊं की लोक संस्कृति की झलक खूब सराही गई। स्कूलों बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में विविध कार्यक्रम किए। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। झांकी स्टेशन बाजार, कांडा रोड, माल रोड, जिला पंचायत से होते हुए नुमाइशखेत मैदान पहुंचीं। वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए।

### एटीएम में सेंधमारी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। राजपुर क्षेत्र के एटीएम में सेंधमारी कर तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को घटना में प्रयुक्त औजार व कार सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बैंक का कर्ज चुकाने के लिए एटीएम में चोरी की वारदात को अंजाम देना चाहते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 5 जनवरी को मनोज दुबे वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स गुजराडा द्वारा थाना राजपुर पर सूचना देकर बताया गया कि उक्त शााखा के एटीएम पर अज्ञात चोरों द्वारा एटीएम क्षतिग्रस्त कर चोरी का प्रयास किया गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। बीती देर रात पुलिस को सूचना मिली कि उक्त मामले के दो संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार में पुनः घटना की फिराक में निकले हैं।

## उत्तराखंड में जल्द शुरू होगा रक्षा उपकरण संस्थान

**संवाददाता** देहरादून। सैनिक बाहुल्य राज्य उत्तराखंड में सरकार जल्द ही डिफेंस इक्विपमेंट इंडस्ट्रियल पॉलिसी लाने पर विचार कर रही है। इस पॉलिसी के आने के बाद जहां एक ओर प्रदेश में रक्षा उपकरण और शस्त्र निर्माण संस्थानों को बढ़ावा मिलेगा, तो वहीं दूसरी तरफ रोजगार को लेकर भी नए अवसर राज्य में खुल पाएंगे। सेना में उत्तराखंड के बहुमूल्य योगदान को देखते हुए उत्तराखंड में सैनिक धाम के रूप में पांचवें धाम की बात पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके हैं। वहीं अब सरकार इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए प्रदेश में रक्षा उपकरण और शस्त्र निर्माण की इकाइयों को स्थापित करने का विचार बना रही है। जिसको लेकर जल्द ही प्रदेश में डिफेंस इक्विपमेंट इंडस्ट्रियल पॉलिसी पर मंथन शुरू होने जा रहा है। जैसा की सब जानते हैं कि उत्तराखंड राज्य सैनिक बाहुल्य राज्य है और यहां औसतन हर तीसरे परिवार से एक सदस्य सेना में कार्यरत है। उत्तराखंड अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के चलते भी काफी अहम भूमिका रखता है।



आदिबदरी मंदिर।

## ब्रह्ममुहूर्त में खुले भगवान आदिबदरी मंदिर के कपाट

**संवाददाता** देहरादून। 14 जनवरी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर ब्रह्ममुहूर्त में सुबह चार बजे आदिबदरी मंदिर के कपाट खुल गए। कपाट उद्घाटन के लिए मंदिर को दो क्विंटल गेंदे के फूलों से सजाया गया है। मंदिर के कपाट खुलने के बाद आचार्य सुनील खंडूड़ी ने श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन किया। मंदिर के पुजारी चक्रधर थपलियाल ने बताया कि कपाट ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे खुले। कपाट खुलने के बाद आदिबदरी नाथ जी का महाभिषेक समारोह सुबह 10 बजे विधायक सुरेंद्र सिंह नेगी की ओर से किया गया।

# जनपद की सभी राशन की दुकानों पर प्याज की बिक्री प्रारंभ होगी

**संवाददाता**



थोक केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार की राशन की दुकान से प्याज वितरित करते हुए।

हरिद्वार। टिबडी स्थित थोक केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार की राशन की दुकान पर अब अनाज के साथ साथ प्याज का वितरण भी प्रारंभ कर दिया गया है। प्रदेश में राशन कार्ड धारक को 2 किलो प्याज 48 प्रति किलो की दर से दिया जाएगा। उपभोक्ता भंडार के सभापति और भाजपा के जिला महामंत्री विकास तिवारी ने किया शुभारम्भ।

इस अवसर पर तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार खुले बाजार में प्याज की कीमतें काफी अधिक हो गई थी। उस को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है कि उपभोक्ता भंडार सहित जनपद की सभी राशन की दुकानों पर प्याज की बिक्री प्रारंभ की जाएगी। उसी का परिणाम है कि प्याज विक्री का काम टिबड़ी स्थित थोक केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार की राशन की दुकान से प्रारम्भ हो गया है। सभी उपभोक्ताओं को प्रत्येक कार्ड पर 2 किलो प्याज दिया जाएगा। इससे एक ओर जहां प्याज की कालाबाजारी खत्म होगी वहीं उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर प्याज के वितरण में पार्षद प्रतिनिधि रामेश्वर बड़ोदिया, भाजपा वार्ड अध्यक्ष अनिल कुमार, विक्रेता वीरेंद्र त्यागी और योगेश शर्मा,भाजपा कार्यकर्ता महेंद्र मास्टर, सतीश, सुरेंद्र ,मिठन लाल वर्मा ,राकेश आदि उपस्थित रहे।

## चारधाम देवस्थानम बिल को राजभवन की मंजूरी

**संवाददाता** देहरादून। बीते माह दिसम्बर में शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार जिस देव स्थानम बिल को सदन में लाई थी अब उस पर राजभवन की मोहर लगने के बाद यह एक्ट अस्तित्व में आ गया है। राज्य में अब चार धाम यात्रा का समस्त संचालन व्यवस्था को चार ध ाम देवस्थान बोर्ड द्वारा किया जायेगा। राज्यपाल बेबी रानी मौर्य द्वारा इस बिल पर हस्ताक्षर कर दिये गये है। इसके साथ ही अब चारधाम यात्रा संचालन में व्यवस्था परिवर्तन तय हो गया है। सरकार बीते दिसम्बर के शीतकालीन सत्र में इस बिल का पास करा चुकी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद अब यह नया एक्ट अस्तित्व में आ गया है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने चारधाम देवस्थान एक्ट के प्रभावी होने पर खुशी जताते हुए कहा है कि अब चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। माता वैष्णो देवी मन्दिर के श्राइन बोर्ड की तर्ज पर चारधाम यात्रा के संचालन की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा जब एक बोर्ड के गठन की पहल की गयी थी तो राज्य के तीर्थ पुरोहितों और पुजारियों द्वारा इसके खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया गया था।